दिन– रविवार                                                                 दिनांक– 13 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                  अवधिः– 15 मिनट

---

01. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एच एल को चौदहवें महारत्न का मिला दर्जा।

02. प्रदेश के विभिन्न भागों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देवी दुर्गा की प्रतिमाओं का किया जा रहा है विसर्जन।

03. केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकारों को फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मौसम में बदलाव। तापमान में कमी के साथ ठंड ने दी दस्तक।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड–एचएएल को चौदहवें महारत्न के रूप में मंजूरी दे दी है। सार्वजनिक उद्यम विभाग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को महारत्न में शामिल करने की मंजूरी दी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड रक्षा उत्पादन विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में इसका सालाना कारोबार अट्ठाईस हजार एक सौ बासठ करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ सात हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक रहा।

———————————————————————

बहुस्तरीय कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति नेशनल मास्टर योजना के तीन वर्ष पूरे हो गये। विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को बहुस्तरीय कनेक्टिविटी अवसंरचना प्रदान करने के लिए दो हजार इक्कीस में इस मास्टर योजना का शुभारंभ किया गया था।

———बाईट———

प्रधानमंत्री गतिशक्ति ने मूलभूत परियोजनाओं के कार्यान्वयन और योजना बनाने के लिए 44 केंद्रीय मंत्रालयों तथा 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एकीकृत किया है। इस योजना ने विभिन्न मंत्रालयों की 15 लाख करोड़ रूपये से अधिक की लागत की दो सौ आठ बड़ी मूलभूत परियोजनाओं के मूल्यांकन करने की उपलब्धि हासिल की है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति का उद्देश्य लॉजिस्टिक लागतों में कटौती, 2030 तक 25 शीर्ष देशों की रैंकिंग में शामिल भारत के लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक में सुधार लाना और आंकड़ों पर आधारित नीति निर्णय को बढावा देना है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति ने मूलभूत परियोजनाओं के कार्यान्वयन और उनकी योजना बनाने के तरीकों में एक आदर्श बदलाव लाया है। श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति का प्रभाव परियोजनाओं के तीव्र कार्यान्वयन, कम लॉजिस्टिक लागत

और देश के हर क्षेत्र में पहुंचने वाली बेहतर सेवाओं में देखा जा रहा है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्राची प्रिया।

———————————————————————————

प्रदेश में नवरात्रि का त्यौहार कल विजयादशमी के साथ संपन्न हो गया। विभिन्न भागों में गाजे–बाजे के साथ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। कड़ी सुरक्षा के बीच मूर्ति विसर्जन किया जा रहा है। पटना, मुंगेर, गया, भागलपुर सहित विभिन्न शहरों में पुरानी सार्वजनिक पूजा समितियों द्वारा विसर्जन के दौरान गाजे–बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है। इधर, मूर्तियों के विसर्जन के लिए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, एनजीटी ने दिशा निर्देश जारी किये हैं। एनजीटी के निर्णय के अनुसार नदियों में मूर्तियों के विसर्जन पर प्रतिबंध है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिलों में प्रतिमा विसर्जन के लिए नदियों के घाटों के समांतर कृत्रिम तालाब तैयार किये गये हैं। पटना में गंगा नदी के किनारे जिला प्रशासन औऱ नगर निगम की ओर से तेरह कृत्रिम कुंड बनाये गये हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि नदी में विसर्जन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों को फसल के मौसम के दौरान फसल अवशेष, पराली जलाने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने खेती की गतिविधियों की लगातार निगरानी करने के लिए पंजाब और हरियाणा के मुख्य जिलों में छब्बीस केंद्रीय दल तैनात किए हैं। इधर, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पराली जलाने की घटना पर चिंता जतायी है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट की निगरानी केंद्रीकृत सिस्टम– सीएमएस के माध्यम से करने का निर्णय किया है। ये सोलर लाइट जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में मददगार होगी। बिहार अक्षय ऊर्जा एजेंसी, ब्रेडा के निदेशक निलेश देवड़े ने बताया कि मुख्यमंत्री के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत पंचायती निकायों के प्रत्येक वार्ड में दस सोलर लाईट लगायी जायेगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाईट योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में आठ लाख छिहत्तर हजार से अधिक सोलर स्ट्रिट लाइट ग्रामीण क्षेत्रों में लगाये जाने हैं। इसमें से तीन लाख पैंसठ हजार से अधिक सोलर लाइट लगायी जा चुकी है। श्री देवड़े ने बताया कि सीएमएस के माध्यम से लाइट के काम करने की अवधि, रौशनी में खराबी और बैट्री की क्षमता की स्थिति

का पता लग सकेगा। उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे कई प्रखंडों में लागू किया गया था, जो सफल रहा है।

————————————————————————

प्रदेश में पन्द्रह अक्तूबर से बालू खनन की निगरानी ड्रोन के जरिये शुरु होगी। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि इससे अवैध खनन रोकने में मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन के बारे में विभाग को जानकारी देने वाले लोगों की पहचान गोपनीय रखी जायेगी और ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि खनन और भू तत्व विभाग राजस्व अर्जित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष सितंबर तक पांच सौ पचहत्तर करोड़ का राजस्व मिला था, जो इस वर्ष एक हजार चौंतीस करोड़ है।

————————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस है। यह दिवस आपदा शमन में शिक्षा के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतरेस ने जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं से बच्चों को बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल की अपील की है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना का पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल पी एम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन पर शुरू हो गया है। पंजीकरण पच्चीस अक्टूबर तक जारी रहेगा। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत एक सौ तिरानवे कंपनियों ने लगभग इक्यानवे हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान किये हैं। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इन्टर्नशिप अवसर प्रदान करना है। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपये की लागत आयेगी। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान इक्कीस से चौबीस वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इन्टर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन्टर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा। इसके अलावा उन्हें छह हजार रुपये की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी।

————————————————————————

मैसूरू–दरभंगा बागमती एक्सप्रेस रेल दुर्घटना के चौबीस घंटे के अंदर चेन्नई रेल मंडल के प्रभावित रेलखंड पर यातायात बहाल कर दिया गया है। पटरी से उतरे डिब्बों को हटाने और पटरियों की मरम्मत के बाद कवराईपेट्टई में रेल यातायात शुरू कर दिया गया है। दक्षिणी रेलवे के अनुसार दुर्घटना के कारणों के तथ्यों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए यह पता

लगाने के लिए जांच में शामिल हो गई है कि क्या कोई तोड़फोड़ हुई थी। गौरतलब है कि बागमती एक्सप्रेस दक्षिण रेलवे जोन के चेन्नई रेल मंडल में गुम्मडिपुंडी के पास कवाराइपेट्टई में खड़ी एक मालगाड़ी से टकराने के बाद पटरी से उतर गई थी।

———————————————————————

कटिहार पूर्णिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एक सौ इकतीस पर कल अलग—अलग हादसों में चार लोगों की मृत्यु हो गयी। ये दुर्घटनाएं देर रात घटित हुईं। इधर, बेगूसराय जिले के डंडारी थाना क्षेत्र में एक पुलिस के वाहन की चपेट में आने से सात लोग घायल हो गये।

———————————————————————

गया पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे कुख्यात नक्सली मुन्ना रवानी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित था। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा गया है।

———————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव से तापमान में धीरे— धीरे कमी दर्ज की जा रही है। हालांकि तापमान अब भी सामान्य से एक से दो डिग्री अधिक बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटे के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा और अधिकतर स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। यह परीक्षा अब चौदह दिसम्बर को होगी। पहले परीक्षा की तिथि पन्द्रह दिसम्बर निर्धारित थी। बोर्ड ने इस संबंध में वेबसाईट पर सूचना अपलोड कर दी है।

———————————————————————

पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने कहा है कि वीआईपी सुरक्षा के लिए बी सैप की दो बटालियन तैनात की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए बी सैप के दो सौ एक जवानों को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, एनएसजी का प्रशिक्षण दिलाया गया है। डीजीपी ने कहा कि बी सैप के जवानों को हवाई अड्डों के साथ ही आने वाले समय में मेट्रो की सुरक्षा का जिम्मा भी सौंपा जायेगा।

———————————————————————

भारत ने श्रृंखला के अंतिम टी–ट्वेंटी मैच में बांग्लादेश को एक सौ तैंतीस रन से हराकर श्रृंखला तीन–शून्य से जीत ली। हैदराबाद में खेले गये मैच में दो सौ अंठानवे रन के लक्ष्य के जवाब में, बांग्लादेश की टीम सात विकेट पर एक सौ चौसठ रन ही बना सकी। भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने तीन और मयंक यादव ने दो विकेट लिए। टी–ट्वेंटी क्रिकेट में यह भारत की अब तक की तीसरी सबसे बड़ी जीत है। संजू सैमसन को मैन ऑफ द मैच और हार्दिक पांडया को मैन ऑफ द सिरीज घोषित किया गया।

वहीं, महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप–ए में, आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह मैच शारजाह में भारतीय समय के अनुसार शाम साढ़े सात बजे से होगा।

———————————————————————

हैदराबाद में खेली जा रही वीनू मानकड ट्रॉफी अन्डर नाईनटीन क्रिकेट चैंपियनशिप के एक मुकाबले में बिहार ने केरल को उनतीस रनों से पराजित कर दिया। बिहार की ओर से कप्तान मोहम्मद आलम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये अड़तीस रन बनाये और चार विकेट प्राप्त किये।

इधर, पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में आज से कर्नल सी.के. नायडु ट्रॉफी अन्डर ट्वेंटी थ्री पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत हो रही है। ग्रुप डी के पहले मुकाबले में आज बिहार और हैदराबाद के बीच मैच खेला जायेगा। ग्रुप में मुम्बई, झारखंड, मध्य प्रदेश, बड़ौदा और हरियाणा की भी टीमें शामिल हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एच एल को चौदहवें महारत्न का मिला दर्जा।
02. प्रदेश के विभिन्न भागों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देवी दुर्गा की प्रतिमाओं का किया जा रहा है विसर्जन।
03. केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकारों को फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश।
04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मौसम में बदलाव। तापमान में कमी के साथ ठंड ने दी दस्तक।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।